तीन वर्षों के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम ने गुजरात में किसी भी नई परियोजना के स्थापित करने पर कोई निवेश नहीं किया है।

(ख) भारत पर्यटन विकास निगम का कर से पहले निवल लाभ निम्नलिखित है :—

1991-92	5.84 करोड़ रु०
1992-93	10.05 करोड़ रु०
1993-94	24.02 करोड़ रु०

(ग) से (ङ) भारत पर्यटन विकास निगम की आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) में गुजरात में कोई भी योजनागत स्कीम/परिव्यय सम्मिलित नहीं है।

अहमदाबाद विमानपत्तन पर यात्रियों के रात भर ठहरने के लिए व्यवस्था

1336. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद विमानपत्तन पर यात्रियों के लिये रात भर ठहरने की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सच है कि गुजरात के दूरवर्ती क्षेत्रों से लोग अहमदाबाद अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का प्रयोग करते हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ भूमि के अधिग्रहण के संबंध में राज्य सरकार के साथ कोई बातचीत की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है; और

(ङ) उड़ानों में अत्यधिक विलम्ब होने या उन्हें रद्द किये जाने की स्थिति में अहमदाबाद विमानपत्तन पर विमान यात्रियों के विश्राम हेतु क्या व्यवस्था की गई है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी नहीं।

(ख) जी, हां।

(ग) जी, नहीं।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) उड़ानों में अत्यधिक देरी होने अथवा इनके रद्द होने पर यात्रियों के लिये आवश्यक प्रबन्ध करने का उत्तरदायित्व संबंधित एयरलाइनों का होता है।

मध्य प्रदेश में पर्यटन का विकास

1337. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992-93 और 1993-94 के वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ;

(ख) उन परियोजनाओं/ऐतिहासिक स्थलों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए यह सहायता राशि प्रदान की गई है ;

(ग) इनमें से कौन-कौन से स्थान मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में स्थित हैं; और

(घ) 1994-95 और 1995-96 के वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार के पास वित्तीय सहायता की स्वीकृति हेतु लम्बित पड़े प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु केन्द्र सरकार ने 69.49 लाख रु० की सात परियोजनाओं/स्कीमों को मंजूरी दी है। स्वीकृत परियोजनाओं/स्कीमों,

स्थानों के नाम, स्वीकृत राशि और वर्ष का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

क्रम सं०	परियोजना/स्कीम का नाम	स्वीकृत राशि (रु० लाखों में)
	1992–93	
1.	मांडूर पर्यटक गृह	21.43
2.	उज्जैन में तीर्थ-शैड और जन-सुविधायें	4.66
3.	गौहर महल, भोपाल की प्रकाश-पुंज व्यवस्था	4.98
4.	मेले और उत्सव	8.00
	1993–94	
5.	ओरछा पर पर्यटक परिसर	21.07
6.	ओरछा के लिए टैंटों की खरीद	2.85
7.	प्रचार सहायता	6.50
	जोड़ :	69.49

(ग) उज्जैन, मांडू, ओरछा और भोपाल मध्य प्रदेश राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में नहीं आते ।

(घ) हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 1994–95 के दौरान केन्द्रीय सहायता मांगने हेतु चार प्रस्ताव भेजे हैं, मध्य प्रदेश में मेलों और उत्सवों के आयोजन हेतु वर्ष 1994–95 के दौरान केन्द्र सरकार ने 6.05 लाख रु० की राशि मंजूर की है । वर्ष 1995–96 के दौरान केन्द्रीय सहायता मांगने हेतु मध्य प्रदेश राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

Permission to employ foreign Pilots by Air Taxi Operators

1338. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Director-General of Civil Aviation has banned Air Taxi Operators from employing Pilots of Indian Airlines without No-Objection Certificate from Indian Airlines;

(b) if so, what are the reasons and under which law such directive has been issued;

(c) whether it is a fact that Air Taxi Operators have asked and got the permission to employ foreign Pilots; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) This has been done to avoid exodus of trained personnel of the National carriers. The requirement of No Objection Certificate has been stipulated in an Aeronautical Information Circular under Aircraft Rules, 1937.

(c) Yes, Sir.

(d) The following 12 Air Taxi Operators/ Airlines have been permitted to employ Foreign Pilots:-

(1) Modiluft (2) Archana Airways (3) East West Airlines (4) Jet Airways Ltd. (5) NEPC Airlines (6) Indian International Airways Ltd. (7) Aerial Services Ltd. (8) Span Aviation (9) Goa way Aviation (10) Sahara India Airlines (11) Raj Air and (12) Air India.

A total of 161 foreign pilots have been permitted, from time to time, starting from 30.4.93 for varying periods, the maximum being one year